कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.03.2025

विषय:- जानलेवा हमला करने के मामले मे वांछित आरोपी मोहम्मद फिरोज थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-107/2025 धारा 191(2),191(3),115(2),352,109 बी0एन0एस0 व 3(1)(द),3(1)(ध),3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोहम्मद फिरोज पुत्र निजामुद्दीन ग्राम मुनारी थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-08.03.2025 को समय करीब 04.15 बजे हडियाडीह गेट के पास रोड से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 19.02.2025 को वादी मुकदमा ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 18/02/25 को समय करीब रात्रि 08 बजे मुनारी बाजार में जब प्रार्थी मुर्गा लेने के लिए जुल्फकार की दुकान पर गया तो वादी के भाइयों को विपक्षीगण जान से मारने की नियत से गाली-गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चाकू व छूड़ी से मारने लगे जिसमें हम सभी को गम्भीर चोटें आयी हैं, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-
मोहम्मद फिरोज पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम मुनारी थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 27 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- हडियाडीह गेट के पास रोड थाना चौबेपुर वाराणसी से, दिनांक-08.03.2025 को समय करीब 04.15 बजे।

आपराधिक इतिहास-
1- मु0अ0सं0-107/2025 धारा 191(2),191(3),115(2),352,109 बीएनएस 3(1)द,3(1)ध,3(2)va एससी/एसटी एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. का0 रोहित मौर्या थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 प्रमोद कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. हो0गा0 पीसी राजकुमार दुबे थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी